रजिस्ट्री सं. डी एल--33001/94 REGISTERED NO. DL-33001/94

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

प्राधिकार से प्रकाशित

PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 13] नई दिल्ली, शनिवार, मार्च 26, 1994 (चैत्र 5, 1916)

No. 13] NEW DELHI, SATURDAY, MARCH 26, 1994 (CHAITRA 5, 1916)

(इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके)

(Separate paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation)

विषय-सूची

	पृष्ठ
भाग I--खण्ड 1--(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई विधितर नियमों, विनियमों, आदेशों तथा संकल्पों से संबंधित अधिसूचनाएं	273
भाग I--खण्ड 2--(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई सरकारी अधिकारियों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों, छुट्टियों आदि के सम्बन्ध में अधिसूचनाएं . . .	277
भाग I--खण्ड 3--रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी किए गए संकल्पों और असांविधिक आदेशों के सम्बन्ध में अधिसूचनाएं . . .	--
भाग I--खण्ड 4--रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी की गई सरकारी अधिकारियों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों, छुट्टियों आदि के सम्बन्ध में अधिसूचनाएं	549
भाग II--खण्ड 1--अधिनियम, अध्यादेश और विनियम .	--
भाग II--खण्ड 1क--अधिनियमों, अध्यादेशों और विनियमों का हिन्दी भाषा में प्राधिकृत पाठ .	*
भाग II--खण्ड 2--विधेयक तथा विधेयकों पर प्रवर समितियों के बिल तथा रिपोर्ट . .	*
भाग II--खण्ड 3--उप-खण्ड (i)--भारत सरकार के मंत्रालयों (रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) और केन्द्रीय प्राधिकरणों (संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा जारी किए गए सामान्य सांविधिक नियम (जिनमें सामान्य स्वरूप के आदेश और उपविधियां आदि भी शामिल है) . . .	*
भाग II--खण्ड 3--उप-खण्ड (ii)--भारत सरकार के मंत्रालयों (रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) और केन्द्रीय प्राधिकरणों (संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा जारी किए गए सांविधिक आदेश और अधिसूचनाएं . .	*
भाग II--खण्ड 3--उप-खण्ड (iii)--भारत सरकार के मंत्रालयों (जिनमें रक्षा मंत्रालय भी शामिल है) और केन्द्रीय प्राधिकरणों (संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा जारी किए गए सामान्य सांविधिक नियमों और सांविधिक आदेशों (जिनमें सामान्य स्वरूप की उपविधियां भी शामिल हैं) के हिन्दी में प्राधिकृत पाठ (ऐसे पाठों को छोड़कर जो भारत के राजपत्र के खण्ड 3 या खण्ड 4 में प्रकाशित होते हैं)	*
भाग II--खण्ड 4--रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी किए गए सांविधिक नियम और आदेश .	*
भाग III--खण्ड 1--उच्च न्यायालयों, नियंत्रक और महालेखापरीक्षक, संघ लोक सेवा आयोग, रेल विभाग और भारत सरकार से संबद्ध और अधीनस्थ कार्यालयों द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं . . .	273
भाग III--खण्ड 2--पेटेन्ट कार्यालय द्वारा जारी की गई पेटेन्टों और डिजाइनों से संबंधित अधिसूचनाएं और नोटिस . .	291
भाग III--खण्ड 3--मुख्य आयुक्तों के प्राधिकार के अधीन अथवा द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं	*
भाग III--खण्ड 4--विविध अधिसूचनाएं जिनमें सांविधिक निकायों द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं, आदेश, विज्ञापन और नोटिस शामिल हैं	2085
भाग IV--गैर-सरकारी व्यक्तियों और गैर-सरकारी निकायों द्वारा जारी किए गए विज्ञापन और नोटिस . .	47
भाग V--अंग्रेजी और हिन्दी दोनों में जन्म और मृत्यु के आंकड़ों को दर्शाने वाला अनुपूरक .	*

*पृष्ठांक प्राप्त नहीं हुए

CONTENTS

	PAGE
PART I—SECTION 1—Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court	273
PART I—SECTION 2—Notifications regarding Appointments, Promotions, Leave etc. of Government Officers issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court	277
PART I—SECTION 3—Notifications relating to Resolutions and Non-Statutory Orders issued by the Ministry of Defence.	"
PART I—SECTION 4—Notifications regarding Appointments, Promotions, Leave etc. of Government Officers issued by the Ministry of Defence	549
PART II—SECTION 1—Acts, Ordinances and Regulations	*
PART II—SECTION 1-A—Authoritative texts in Hindi Language of Acts, Ordinances and Regulations	*
PART II—SECTION 2—Bills and Reports of the Select Committee on Bills	*
PART II—SECTION 3—SUB-SEC. (i)—General Statutory Rules (including Orders, Bye-laws, etc. of general character) issued by the Ministries of the Government of India, (other than the Ministry of Defence) and by Central Authorities (other than the Administration of Union Territories)	*
PART II—SECTION 3—SUB-SEC (ii)—Statutory Orders and Notifications issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by Central Authorities (other than the Administration of Union Territories)	*
PART II—SECTION 3—SUB-SEC. (iii)—Authoritative texts in Hindi (other than such texts, Published in Section 3 or Section 4 of the Gazette of India) of General Statutory Rules & Statutory Orders (including Bye-laws of a general character) issued by the Ministries of the Government of India (including the Ministry of Defence) and by Central Authorities (other than Administration of Union Territories)	*
PART II—SECTION—4 Statutory Rules and Orders issued by the Ministry of Defence	*
PART III—SECTION 1—Notifications issued by the High Courts, the Comptroller and Auditor General, Union Public Service Commission, the Indian Government Railways and by Attached and Subordinate Offices of the Government of India	273
PART III—SECTION 2—Notifications and Notices issued by the Patent Office, relating to Patents and Designs	291
PART III—SECTION 3—Notifications issued by or under the authority of Chief Commissioners.	"
PART III—SECTION 4—Miscellaneous Notifications including Notifications, Orders, Advertisements and Notices issued by Statutory Bodies	2085
PART IV—Advertisements and Notices issued by Private Individuals and Private bodies.	47
PART V—Supplement showing Statistics of Births and Deaths etc. both in English and Hindi.	*

*Folio Nos. not received

भाग I—खण्ड 1
[PART I—SECTION 1]

(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई विधितर नियमों, विनियमों तथा आदेशों और संकल्पों से संबंधित अधिसूचनाएं

[Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court]

राष्ट्रपति सचिवालय

नई दिल्ली, दिनांक 12 मार्च 1994

सं० 21-प्रेज/94—राष्ट्रपति निम्नलिखित व्यक्तियों को "सर्वोत्तम जीवन रक्षा पदक" पुरस्कार प्रदान करने का अनुमोदन करते है :—

1. मास्टर पी० एस० अनुराग मूर्ति (मरणोपरांत)
   मार्फत श्री पी० एस० श्रीधर मूर्ति,
   प्लाट सं०-14, पब्लिक सैक्टर कालोनी,
   नोबल रोड, बोवेनपल्ली,
   सिकन्दराबाद-500011

26-7-1992 को, 14 वर्षीय बालक मास्टर पी० एस० अनुराग मूर्ति अपने माता-पिता तथा मोहल्ले के लोगो के साथ पिकनिक पर उस्मान सागर गया। जबकि बुजुर्ग लोग विश्राम गृह मे आराम कर रहे थे, मास्टर अनुराग मूर्ति अन्य बालको के साथ उस्मान सागर झील पर गया। वे झील के तट पर खेल रहे थे। इसी बीच उसी पिकनिक दल की दो महिलाएं भी उस्मान सागर के तट पर आ गई तथा झील के पानी मे उतर गई। अचानक, दोनो महिलाएं झील के पानी में गिर गई तथा मदद के लिए चिल्लाई। मास्टर अनुराग मूर्ति, तैरना न जानते हुए भी पानी मे डूबती महिलाओं को देखकर फौरन पानी में कूद गया तथा दोनों महिलाओ को बचा लिया। किन्तु उन्हें बचाने की कार्रवाई के दौरान, वह खुद पानी में डूब गया तथा अपने प्राण दे बैठा।

मास्टर अनुराग मूर्ति ने डूबने वाली दोनो महिलाओं का जीवन बचाने में अदम्य साहस तथा तत्परता का परिचय दिया परन्तु दुर्भाग्य से इस काम में उसकी जान चली गई।

2. से० ले० संजय गुप्ता (मरणोपरान्त)
   (आई० सी०-50808), मार्फत श्री एम० एल० गुप्ता,
   10/1, नाभा हाउस, शिमला-4

से० ले० श्री संजय गुप्ता, पुणे मे यंग आफिसर्स का अपना प्रशिक्षण पूरा करने के पश्चात 5 इंजीनियर रेजिमेंट जाने के लिए अम्बाला तक गाड़ी में आ रहे थे। तब 20 जुलाई, 1992 को उन्होने चंडीगढ़ जाने के लिए बस पकड़ी। दुर्भाग्यवश उस बस के एक पुलिया से टकरा जाने के पश्चात उसमें आग लग गई और वह पास ही की एक खाई में गिर गयी। से० ले० गुप्ता ने बिना अपना धैर्य खोए तथा सूझबूझ का परिचय देते हुए बस की पिछली ओर का शीशा तोड़ डाला तथा जलती हुई बस से बाहर निकलने के लिए कुछ छड़ों को मोड़ डाला। पूरी बस के ऊंची-ऊंची लपटों में घिरे होने की परवाह किए बिना, उन्होने साथी यात्रियों के प्रति अपूर्व कर्तव्य बोध का परिचय दिया, खतरनाक आग के बावजूद बार-बार जलती हुई बस में जाते रहे और इस तरह उन्होंने कई जाने बचायी। उनके प्रयत्नों का अनुमान इसी तथ्य से लगाया जा सकता है कि इस दुर्घटना में उन्हें छोड़कर केवल दो यात्रियों की जाने गई। क्योंकि से० ले० गुप्ता अनेक यात्रियों को जलती हुई बस से बाहर निकालने में सफल हो सके थे।

से० ले० संजय गुप्ता ने स्वयं अपने जीवन के प्रति भारी खतरे के बावजूद अत्यधिक सूझबूझ साहस तथा मानव जीवन के प्रति अपनी चिंता का परिचय दिया तथा दो बच्चों तथा 6 से लेकर 10 अन्य यात्रियों के जीवन की रक्षा की। पर, इस युवा अधिकारी ने जलती हुई बस की लपटों में घिरकर स्वयं अपने प्राणो की आहुति दे दी।

गिरीश प्रधान
निदेशक

सं० 22-प्रेज/94—राष्ट्रपति निम्नलिखित व्यक्तियों को "उत्तम जीवन रक्षा पदक" पुरस्कार प्रदान करने का अनुमोदन करते है :—

1. श्री रमेश कुमार (मरणोपरांत)
   मार्फत श्री सागर राम
   सुपुत्र श्री कृष्ण राम,
   तहसील फतेहाबाद, जिला हिसार,
   हरियाणा।

12-6-1992 को, गांव देहमान का रहने वाला 16-17 वर्षीय नवयुवक मोहिन्दर सिंह भूना जा रहा था। रास्ते में, उसे प्यास लगी तथा वह पानी पीने के लिए गांव बेजलपुर के निकट एक नहर के पास चला गया। परन्तु वह नहर में फिसल गया तथा डूबने लगा। श्री रमेश कुमार, जो वही पर था, लड़के को डूबते देख नहर मे कूद गया तथा उसने श्री मोहिन्दर सिंह को

जान बचा ली लेकिन इस प्रक्रिया में वह खुद नहर में डूब गया और अपनी जान दे बैठा ।

श्री रमेश कुमार ने लड़के के प्राण बचाने में अदम्य साहस तथा तत्परता का परिचय दिया परन्तु इस प्रक्रिया में स्वयं अपने प्राणों का बलिदान दे दिया ।

2. श्रीमती टी० लीला (मरणोपरांत)
मार्फत श्री के० ओ० पैली
कोरकल बीड़,
कुट्टमपुज, देवीकोलम तालुक,
जिला इडुक्की,
केरल ।

20-6-1992 को, भारी बरसात तथा तेज हवा के कारण यात्रियों को ले जा रही एक देशी नौका देवीकोलम तालुक के कुट्टमपुज गांव में "अनकायम" में दुर्घटनाग्रस्त होकर उलट गई। सभी यात्री 20 मीटर गहरी तथा 80 मीटर चौड़ी नदी में डूबने लगे । श्रीमती लीला जो इन यात्रियों में से एक थी, ने अपने जीवन के जोखम की परवाह न करते हुए पहले की तथा दो यात्रियों को डूबने से बचा लिया। एक तीसरे आदमी के जीवन को बचाने के अगले प्रयास में वह स्वयं नदी में डूब गई और अपने प्राण दे बैठी ।

इस प्रकार श्रीमती लीला ने डूबते हुए दो व्यक्तियों की प्राण रक्षा में अदम्य साहस तथा तत्परता का परिचय दिया तथा एक तीसरे व्यक्ति को बचाने के प्रयास में उन्होंने अपने प्राणों का बलिदान दे दिया ।

3. 6905605 हवलदार/क्लर्क विजय कुमार भारद्वाज,
(मरणोपरांत)
मार्फत श्रीमती शशि भारद्वाज,
गांव और डाकघर—जोरहाट,
तहसील—शिवसागर
जिला—शिवसागर, असम राज्य ।

16-3-1992 को सुबह लगभग 8.15 बजे हवलदार/क्लर्क विजय कुमार भारद्वाज ने अपने कार्यालय आते समय पटियाला रोड पर एक बहुत तेज गति से आते हुए 1 टन एन० एस० एन० ट्रक को देखा । श्री विजय कुमार भारद्वाज को लगा कि वाहन का चालक वाहन पर अपना नियंत्रण खो बैठा है । उसी क्षण श्री विजय कुमार ने सड़क के दूसरी ओर स्थित आर्मी स्कूल तथा सेन्ट्रल स्कूल जाने के लिए सड़क पार करते बच्चों के एक दल को भी देखा । अपना धैर्य तथा दिमागी सन्तुलन बरकरार रखते हुए वे बच्चों की ओर भागे तथा उन्हें सड़क के दूसरी ओर धकेल दिया । उन्होंने दो छोटे बच्चों को अपने दोनों हाथों में उठा लिया । किन्तु, उन बच्चों को बचाने की प्रक्रिया में उन्हें अत्यंत तीव्र गति से आते हुए ट्रक ने टक्कर मार दी । वे खून से लथपथ होकर सड़क पर गिर पड़े तथा बेहोश हो गए और बाद में उन्होंने दम तोड़ दिया ।

हवलदार/क्लर्क विजय कुमार भारद्वाज ने स्कूली बच्चों की जान बचाने में असाधारण पहल तत्परता तथा अदम्य साहस का परिचय दिया तथा इस प्रक्रिया में स्वयं अपने प्राणों का बलिदान कर दिया ।

गिरीश प्रधान
निदेशक

सं० 23-प्रेज/91—राष्ट्रपति निम्नलिखित व्यक्तियों को "जीवन रक्षा पदक" पुरस्कार प्रदान किए जाने का अनुमोदन करते हैं —

1. मास्टर जी० चन्द्रशेखर,
पुत्र श्री जी० मल्लप्पा,
मकान नं० 12-78, बाबाजी नगर,
कोडांगल, जिला महबूब नगर,
आन्ध्र प्रदेश ।

28-2-1990 को घरेलू समस्याओं से दुखी कोडांगल की निवासी 60 वर्षीय श्रीमती हरिजन सोगुलम्मा ने जिला प्रजा परिषद (बालिक) हाई स्कूल, कोडांगल के समीप एक कुएं में डूब कर आत्महत्या का प्रयास किया । स्कूल के जिन छात्रों ने वृद्ध महिला को कुएं में डूबते हुए देखा उन्होंने तत्काल अपने अध्यापकों को सूचित किया । मास्टर जी० चन्द्रशेखर जिन्होंने अन्य छात्रों को इस घटना के बारे में अपने अध्यापकों को बताते सुना तत्काल कुएं की ओर दौड़ पड़े । अपनी सुरक्षा की परवाह किए बिना वह कुएं में कूद पड़े और वृद्ध महिला को बचा लिया ।

इस प्रकार से मास्टर जी० चन्द्रशेखर ने अपने प्राणों की परवाह किए बगैर डूबती हुई महिला की प्राण रक्षा में अदम्य साहस व तत्परता का परिचय दिया ।

2. श्री राज कुमार शर्मा,
संजय इलेक्ट्रानिक्स वर्क्स,
कटला रामलीला, हिसार
हरियाणा ।

5-11-91 को दीपावली के दिन श्री बाबू राम आहूती के मकान की पहली मंजिल में पटाखों से आग लग गई । परिवार के सभी बड़े सदस्य घर से बाहर भाग गए । तथापि चार वर्ष का एक बच्चा बाहर नहीं आ सका और जलते हुए मकान में फंस गया । बच्चे को बचाने के लिए मकान के अन्दर जाने का किसी ने भी साहस नहीं किया ।

श्री राज कुमार जो श्री बाबू राम के घर के निकट इलैक्ट्रानिक्स की दुकान चलाते हैं, ने साहस जुटाया और अपने प्राणों की परवाह न करते हुए जलते हुए मकान के भीतर घुस गये और बच्चे को सुरक्षित बाहर निकालने में सफल हो गए । बचाव की इस प्रक्रिया में वह जल गए ।

इस प्रकार से श्री राज कुमार शर्मा ने अपने जीवन के प्रति खतरे की परवाह न करते हुए एक छोटे से बच्चे को जलने

में बचाकर उसकी प्राण रक्षा में अदम्य साहस और तत्परता का परिचय दिया।

3. श्री तुलसी राम,
कान्स्टेबल नं० 225,
पुलिस स्टेशन, रामपुर
(बुशहर)/जिला शिमला,
हिमाचल प्रदेश।

26 अप्रैल 1992 की प्रातः को, जिला किन्नौर, तहसील व थाना कल्पा, गांव दूनी की कुमारी धर्म मासदे जो शिमला जिले में तहसील रामपुर आयी हुई थी, शौच के लिए दरिया सतलुज के किनारे गई और अपने हाथ मुंह धोते समय अकस्मात नदी में फिसल गई जो लगभग 50 मीटर चौड़ी व 13 मीटर गहरी थी। (पानी का प्रवाह भी बहुत तेज था) और सहायता के लिए चिल्लाई। उसकी चीख सुन कर लोग वहां इकट्ठा हो गये। स्थिति को भांपते हुए सिपाही तुलसी राम जो स्वयं भी वहां आ चुके थे तत्काल नदी में कूद पड़े और कुमारी मासदे के प्राण बचा लिए।

सिपाही तुलसी राम ने अपने जीवन के प्रति गंभीर खतरे की परवाह न करते हुए डूबती हुई युवा बालिका की प्राण रक्षा में अदम्य साहस और तत्परता का परिचय दिया।

4. कुमारी गीता देवी,
पुत्री श्री मगशिरू,
गांव छिबबाड़ी (रोहेल),
डाक घर—खाना-थाना (रोहेल),
तहसील चिरगांव जिला शिमला,
हिमाचल प्रदेश।

3-9-1992 को छिबबाड़ी गांव का सजीव कुमार नामक लड़का गांव छिबबाड़ी (रोहेल) के निकट अचानक आंध्र नदी में गिर पड़ा। उसी गांव की निवासी कुमारी गीता देवी ने इस घटना को देखा और वह अपने प्राणों की परवाह किए बिना तुरन्त नदी में कूद पड़ी। बाढ़ से उमड़ती नदी का बहाव इतना तेज था कि गीता स्वयं भी उस तेज बहाव में बह गई परन्तु अन्ततः वह संजीव को बचाने में सफल हो गई।

कुमारी गीता ने अपने जीवन के प्रति गंभीर खतरे की परवाह किए बगैर डूबते हुए एक बालक की जान बचाने में सदाय साहस तथा तत्परता का परिचय दिया।

5. मास्टर मुजाहिल इब्राहीम द्राबू,
पुत्र श्री मोहम्मद इब्राहीम द्राबू,
6, शाह मंजिल करसु, राजबाग,
श्रीनगर-190008।

24-9-1992 को जब टाइन्डल बिस्को मेमोरियल स्कूल की तीसरी प्राइमरी के बच्चे स्कूल के तरणताल के किनारे खेल के पीरियड का इंतजार कर रहे थे तब मास्टर मदस्सर नामक 9 वर्षीय बालक को किसी दूसरे बालक ने धक्का दे कर तरण-ताल में गिरा दिया। मास्टर मदस्सर सहायता के लिए चिल्लाने लगा। उसकी चीख सुनकर एक साथी छात्र मास्टर मुजाहिल इब्राहीम द्राबू जिसने हाल ही में तैरना सीखा था, तरणताल में कूद गया और उस बालक को पानी से बाहर निकाल लिया तथा इस प्रकार स्वयं अपने प्राणों की परवाह किए बिना मदस्सर के अमूल्य जीवन की रक्षा की।

मास्टर द्राबू ने अपने जीवन के प्रति गंभीर खतरे की परवाह किए बगैर अपनी छोटी सी आयु के बावजूद डूबते हुए बालक को बचाने में अदम्य साहस तथा तत्परता का परिचय दिया।

6. श्री अब्बास,
पुत्र श्री गूपी,
ड्राई फिश मर्चेन्ट,
कसाबा बंगार,
मंगलौर।

7. श्री अब्दुल नजीर,
पुत्र श्री इस्माइल,
कसाबा बंगार,
मंगलौर।

8. श्री अब्दुल रजाक,
पुत्र श्री इदिनाबा,
कसाबा बंगार,
मंगलौर।

9. श्री गोपाल,
पुत्र श्री मारा,
एक्साइज गार्ड
सी स्क्वाड,
मंगलौर।

10. मास्टर मोहम्मद अनवर
पुत्र श्री मोइदीन कुन्ही,
10वीं कक्षा, बद्रिया हाई स्कूल,
मंगलौर।

11. श्री मोहम्मद मोनू,
पुत्र श्री सैयाद अली,
कसाबा—बंगार,
मंगलौर।

12. श्री मोहम्मद साली,
पुत्र श्री इब्राहीम,
कसाबा बंगार,
मंगलौर।

13. मास्टर नवशाद,
पुत्र श्री अब्दुल रहिमान,
कसाबा बंगार,
मंगलौर।

14. श्री रत्नाकर पुथरान,
पुत्र श्री कृष्णाप्पा अमीन,
टग ड्राइवर,
पोर्ट टाउन,
मंगलौर ।

15. श्री सदानन्द अमीन,
पुत्र श्री लिंगप्पा सुवर्गा,
कृष्णप्पा मार्ने, करनाल गार्डन,
कूड्रोली,
मंगलौर ।

15-6-1992 को सायं लगभग 4.45 बजे, 80 स्कूली बच्चों और 10 व्यक्तियों को ले जा रही एक यात्री नौका, जो मंगलौर से कमाबा बंगार जा रही थी, मंगलौर पुलिस स्टेशन सीमा क्षेत्र में डक्के के निकट गुरपुर नदी में उलट गई। परिणामस्वरूप नौका में सवार सभी स्कूली बच्चे और अन्य व्यक्ति गहरे पानी में गिर गये। इस घटना को देख कर सर्व/श्री अब्बास, अब्दुल नजीर, अब्दुल रजाक, गोपाल, मास्टर मोहम्मद अनवर, मोहम्मद मोनू, मोहम्मद सालीं, मास्टर नवशाद, रत्नाकर पुथरान, और सदानन्द अमीन अपनी जान की परवाह न करते हुए नदी में कूद पड़े और 68 स्कूली बच्चों सहित 78 व्यक्तियों को बचा लिया। इस दुर्घटना में 12 बच्चों की डूबने से मृत्यु हो गई।

सर्व/श्री अब्बास, अब्दुल नजीर, अब्दुल रजाक, गोपाल, मास्टर मोहम्मद अनवर, मोहम्मद मोनू, मोहम्मद सालीं, मास्टर नवशाद, रत्नाकर पुथरान और सदानन्द अमीन ने अपने प्राणों को खतरे की परवाह न करते हुए 78 व्यक्तियों की जान बचाने में अदम्य साहस व तत्परता का परिचय दिया।

16. श्री मैरी सुथन ई० एम,
मैरी सदानम, कैथाकोडी,
वेल्लीमोन डाकघर,
पेरीनाड ग्राम,
कोल्लम तालुक,
कोल्लम जिला,
केरल राज्य ।

7-4-1991 को प्रातः 10.30 बजे, छह यात्रियों सहित एक देशी नौका कान्हीराकोड नदी में उलट गई। इस घटना को देखकर श्री मैरी सुथन एक देशी नौका में स्थल की ओर दौड़ पड़े और 50 फुट गहरी नदी में कूद पड़े तथा उनमें से चार व्यक्तियों को मौत के मुंह से बचा लिया। श्री मैरी सुथन की यह कार्रवाई इसलिए और भी अधिक प्रशंसनीय है क्योंकि वह इस तथ्य से विचलित नहीं हुए कि 1981 में उनके एक भाई की पानी में डूबते हुए एक व्यक्ति की जान बचाने के ऐसे ही एक प्रयास में मृत्यु हो गई थी।

श्री मैरी सुथन ने अपने प्राणों के गंभीर खतरे की परवाह न करते हुए डूबते हुए चार व्यक्तियों की प्राण रक्षा में अदम्य साहस व तत्परता का परिचय दिया।

17. श्री सी० मोहम्मद अली,
चालियाथोडी हाउस,
चेम्मानथाट्टा,
डाकघर थाचीनीलगनहडम,
पेरीनथलमन्ना,
केरल ।

21-6-1991 को सायंकाल 6.00 बजे 35 वर्षीय लक्ष्मी उर्फ थोकू और उसका 11 वर्षीय पुत्र मास्टर सुरेश नजदीक की नदी में नहाने के लिए गए। अनजाने में बच्चा फिसल कर नदी में गिर गया और डूबने लगा। अपने पुत्र को मौत से बचाने के लिए श्रीमती लक्ष्मी भी नदी में कूद पड़ी। लेकिन दुर्भाग्यवश वे भी डूबने लगी। उस समय 21 वर्षीय कालेज छात्र श्री मोहम्मद अली, स्नान के लिए नदी की ओर आ रहा था। अचानक उसने देखा कि दो व्यक्ति पानी में हाथ-पैर मार रहे हैं। बिना समय गवाएं वह नदी में कूद पड़ा और महिला तथा बच्चे को डूबने से बचा लिया। यह घटना उस समय हुई जब मानसून जोरों पर था और पानी की गहराई लगभग 6 मीटर थी। श्री मोहम्मद अली ने न केवल उन्हें पानी से बाहर निकाला बल्कि महिला और बच्चे को प्राथमिक सहायता दी और उन्हें उनके घर ले गए।

इस प्रकार श्री मोहम्मद अली ने अपने प्राणों को गंभीर खतरे की परवाह न करते हुए डूबती हुई मां और बच्चे का जीवन बचाने में अदम्य साहस व तत्परता का परिचय दिया।

18 श्री मुरली,
पुलपाराम्बिल वीडू,
डाकघर मेडिकल कालेज,
ग्राम नल्लीकोड,
केरल ।

19. श्री रमेश,
पुलपाराम्बिल वीडू,
डाकघर मेडिकल कालेज,
ग्राम नल्लीकोड,
केरल ।

4-7-1991 को तीन चोरों ने एक स्कूल अध्यापक श्री देवासया के घर को लूटने का प्रयास किया। घर को लूटने के प्रयास में, उन्होंने श्री देवासया की पत्नी श्रीमती ग्लाडिस पर भी हमला किया। उसकी चीख पुकार सुनकर श्री मुरली तथा रमेश घटना स्थल पर पहुंचे और महिला की जान बचाई। चोर भाग गए। तथापि, श्री मुरली और श्री रमेश ने उनका पीछा किया और अपनी सुरक्षा की परवाह न करते हुए चोरों को पकड़ लिया। इस कार्यवाही में, चोरों ने उन्हें छुरा घोंप दिया और उन्हें गंभीर चोटें आईं।

श्री मुरली और रमेश ने अपने प्राणों को खतरे की परवाह न करते हुए महिला की जान बचाने, चोरों को घेरने तथा पकड़ने में अदम्य साहस व तत्परता का परिचय दिया।

20. कुमारी मंजु चन्द्रन,
मुथेडाथू हाउस,
थोटामोन,
रन्नी, पत्थनमथिट्टा,
केरल राज्य।

2–3–1992 को प्रवीण और जोस मैरीदास नामक दो बालक थोटामोन रन्नी में पुम्पा नदी पर नहाने के लिए गए। संयोग से वे नदी के गहरे जल में गिर पड़े। स्नान घाट से उनके चिल्लाने की आवाज सुनकर आसपास के निवासी वहां पहुंच गये लेकिन किसी ने भी उन्हें बचाने का साहस नहीं किया। ऐसे में दसवीं कक्षा की चौदह वर्षीय विद्यार्थी कुमारी मंजु चन्द्रन, जो उनमें से एक थी, ने साहस किया और नदी में कूद पड़ी तथा डूबते हुए बालकों को सफलतापूर्वक बचा लिया तथा एक-एक करके उन्हें किनारे पर ले आई। दुर्घटना स्थल पर 8 फीट गहरा पानी था।

कुमारी मंजु चन्द्रन ने अपने प्राणों के प्रति खतरे की परवाह न करते हुए दो बालकों को डूबने से प्राण रक्षा करने में अदम्य साहस व तत्परता का परिचय दिया।

21. श्री ए० एल० एन्थनी,
पुत्र श्री मंजलीलोनप्पन, उर्फ कोचप्पन,
चेंगलूर गांव,
डाकखाना चेंगलूर,
तालुक मुकुन्दपुरम,
जिला त्रिशूर,
केरल।

22. श्री के० वी० अशोकन,
पुत्र श्री कूजप्पिली वेलायुधन,
गांव नेल्लायि,
डाकखाना–पेन्थालूर,
तालुक मुकुन्दपुर,
जिला–त्रिशूर
केरल।

11 मार्च, 1992 को अपराह्न 2.30 बजे सिलोन पेन्टिकोस्ट क्रिश्चियन समुदाय के 9 व्यक्ति नल्ली लिफ्ट इरिगेशन कराथु में एक देसी नौका से कारूमलि नदी को पार कर रहे थे। इन व्यक्तियों को यह पता नहीं था कि नदी पार करते समय देसी नौका में शान्ति से कैसे बैठा जाता है। चारों ओर पानी के विस्तृत फैलाव को देखकर वे भयभीत हो गये और नौका में हिलने डुलने लगे। इस प्रक्रिया में नौका का संतुलन बिगड़ गया और वह उलट गयी। नाविक सहित सभी नौ व्यक्ति पानी में जा गिरे और छटपटाने लगे। श्री अशोकन ने, जो घाट के पश्चिम की ओर नेल्लायि लिफ्ट इरिगेशन मोटर चला रहे थे, घटना स्थल से लगभग 50 मीटर की दूरी से चीखने–चिल्लाने की आवाज सुनी। क्योंकि नदी के उस ओर उसके पास कोई नौका नहीं थी, अतः वह तेजी से तैरकर दुर्घटना स्थल की ओर जाने लगे। उस समय तक एक अन्य व्यक्ति श्री ए० एल० एन्थनी भी जिन्होंने संघर्षरत लोगों की चीख पुकार सुनी, घटनास्थल पर पहले ही पहुंच चुके थे और उन्होंने दो महिलाओं को बचा लिया था, 50 फीट गहरे पानी में एक तीसरी महिला और स्वयं अपनी जान को बचाने के लिए संघर्ष कर रहे थे। इस मिले-जुले प्रयास में, श्री एन्थनी डूबती हुई तीन महिलाओं की जान बचाने में सफल हुए। श्री अशोकन ने भी तीन अन्य डूबते व्यक्तियों को बचा लिया और तीसरी महिला को बचाने में श्री एन्थनी के प्रयासों में भी सहायक बने। अंततोगत्वा इस घटना में 6 व्यक्तियों को बचा लिया गया और तीन को अपनी जान से हाथ धोना पड़ा।

सवश्री ए० एल० एन्थनी और के० वी० अशोकन ने अपनी जान हथेली पर रखकर डूबने से 6 व्यक्तियों की जान को बचाने में अदम्य साहस और तत्परता का परिचय दिया।

23. श्री वधुवनिग्यिल रमेशन,
पुत्र श्री कुन्हिरमन मट्टूल
मट्टूल साउथ, डाकखाना–मट्टूल,
जिला कन्नूर, केरल।

13 जून, 1992 को मट्टूल गाव के मडक्करा में एक देशी नाव जिस पर 4 यात्री सवार थे, "थेक्कूम बट्टूकडावु" नामक नदी में उलट गयी। नदी में बाढ़ आयी हुई थी और पानी की धारा बहुत तेज थी। नाविक सहित 5 व्यक्ति नदी में जा गिरे। एक यात्री ने तैरकर किसी तरह अपने को बचा लिया। घटना स्थल किनारे से लगभग 10 मीटर दूर था और उस उस स्थान पर नदी की गहराई लगभग 12 फुट थी। एक मोटर-बोट "थवक्कल" के चालक श्री रमेशन को भी जो उस नदी में यात्रियों को ले जा रहे थे उस घटना को देखा। खतरे की गंभीरता को जानते हुए श्री रमेशन ने अपनी नाव को, उलट गई उस नाव की तरफ दौड़ाया। उसने डूब रहे व्यक्तियों की तरफ एक रस्सी फैंकी। उनमें से एक श्री शाहुल हमीद ने रस्सी को पकड़ लिया और उसको बचा लिया गया। अन्य यात्री पानी के बहाव के साथ बहते जा रहे थे। तब श्री रमेशन ने पानी में छलांग लगा दी और डूब रहे व्यक्तियों की तरफ तैरने लगे। उन्होंने श्री इब्राहिम और एलीमा को पकड़ लिया और अपनी नाव तक ले आये। किन्तु एक 14 वर्षीय लड़की सैफिया को बचाने में श्री रमेशन अपने प्रयास में सफल नहीं हो सके।

श्री वदुविलिग्यिल रमेशन ने अपनी जान को खतरे की परवाह न करके 3 व्यक्तियों को डूबने से जान बचाने में अदम्य साहस और तत्परता का परिचय दिया।

24. श्री वलियाकथ अब्दुल्मुन्नी शौकत अली,
वलियाकत हाउस कल्लुमकडवु सैकिन्ड वार्ड
ईडारुथी पंचायत डाकखाना–पीनूर,
त्रिचूर, केरल।

5 जुलाई 1992 को लगभग 3 बजे अपराह्न कल्लुमकडवु ईडातुरुथी तालुक कोडुंगल्लूर के निकट कनोली नहर

में पांच यात्रियों को ले जा रही एक देशी नाव उलट गयी। भारी वर्षा और ऊपर से होकर पानी बहने के कारण उस स्थान पर पानी की गहराई 8 मीटर हो गई थी। यात्रियों को तैरना नहीं आता था वे डूबने लगे थे। हालांकि नदी के किनारे पर भारी भीड़ इकट्ठी हो गयी थी परन्तु उनमें से कोई भी उन्हें बचाने के लिए आगे नहीं आया। श्री शौकत अली ने जो उसी समय वहां आए थे, नदी में छलांग लगा दी तथा एक-एक करके सभी 5 यात्रियों को बचा लिया।

श्री वी० ए० शौकत अली ने अपनी जान को खतरे की परवाह न करते हुए सभी 5 यात्रियों की जान बचाने में उच्च कोटि के साहस और तत्परता का परिचय दिया।

25. श्री जान लारेन्स,

तोप्पुट्टतिल वीडु नीनडकरा
जिला-कोल्लम केरल।

8-8-1992 को मछली पकड़ने वाली नौकायें जैसे ही समुद्र से लौट रही थी तो 10 नौकायें तूफानी समुद्र में डूब गयी और मछुआरे समुद्र में गिर गये। समुद्र के किनारे पर खड़े, लोग समुद्र में अन्य मछुआरे और नीनडकरा पत्तन के कर्मचारी डूबी हुई 10 नावों के मछुआरों के सम्मुख आये भयानक खतरे को असहाय होकर देख रहे थे। इस विषम स्थिति में श्री जान लारेन्स ने पहल की और "कन्नप्पन" नामक अपनी छोटी सी नौका में तूफानी समुद्र में चले गये तथा उन्होंने बहुमूल्य 21 जिन्दगियों को मौत के मुंह से छुड़ा लिया। इस प्रक्रिया में उनकी छोटी सी नौका काफी क्षतिग्रस्त हो गई थी।

श्री जान लारेन्स ने अपनी जान को गंभीर खतरे की परवाह किए बिना 21 व्यक्तियों को जान बचाने में अदम्य साहस और तत्परता का परिचय दिया।

26. मास्टर शराफुद्दीन पूतुकिडि,

पुत्र श्री इब्राहिम पुतुविडि हाउस,
अचनाम्बलम पी० ओ० कन्नमंगलम,
जिला-मल्लपुरम, केरल।

20 अगस्त, 1992 को स्कूल से लौटते समय 9वीं कक्षा के छात्र मास्टर शराफुद्दीन ने एक तालाब के पास कुछ भीड़ देखी। उसने देखा कि एक छोटा सा लड़का (9 वर्षीय) डूब रहा था। जब दूसरे लोग व्याकुलता से देख रहे थे, तब मास्टर शराफुद्दीन ने अपनी जान को खतरे की परवाह न करके तालाब में छलांग लगा दी और उस लड़के को बचा लिया जो तब तक बेहोश हो चुका था और उसकी हालत खराब थी। घटना स्थल पर पानी की गहराई 40 फुट थी।

2. मास्टर शराफुद्दीन ने अपनी जान को गंभीर खतरे की परवाह न करके डूबते हुए एक छोटे से लड़के की जान बचाने में अदम्य साहस और तत्परता का परिचय दिया।

27. कुमारी वी० विजयश्री,

तुलल्तु वीडु, डाकखाना-कुमारमकारी,
कुट्टनाड, एलाप्पुझा, कोट्टयम।

14-6-1993 को लगभग 9.30 बजे एल० पी० स्कूल बाआपल्ली की दूसरी कक्षा की छात्रा कुमारी सविता स्कूल जाते समय फिसलकर कुटिमेरी फैरी-कुमारमकरी नहर में गिर गयी जहां नहर की गहराई लगभग 4 मीटर थी। वह नहर के तेज प्रभाव की चपेट में आ गयी और डूबने लगी। एक कालिज छात्रा कुमारी वी विजयश्री ने कालिज जाते समय रास्ते में इस घटना को देखा और बिना कोई समय गवाएं वह तत्काल नहर में कूद पड़ी और उस बच्ची को डूबने से बचा लिया। कुमारी विजयश्री की तत्कालिक और साहसी कार्रवाई में उस बच्ची को मौत के से बचा लिया।

इस प्रकार कुमारी विजयश्री ने अपनी जान को गंभीर जोखिम की परवाह न करते हुए एक छोटी बच्ची को डूबने से बचाने में अदम्य साहस और तत्परता का परिचय दिया।

28. श्री मुन्नी लाल

पुत्र श्री भैय्यादीन अहिरवार
रानी बाग तहसील लौधि
छतरपुर मध्य प्रदेश।

26 मार्च 1992 को लगभग सांय 6 बजे एक चार वर्ष का बच्चा मास्टर प्रकाश सोनी खेलते समय अचानक एक गहरे कुएं में जा गिरा उसकी तेरह वर्षीय बहन जो उस समय कुएं से पानी निकाल रही थी सहायता के लिए चीखी चिल्लायी। चीख-पुकार सुनकर पास बैठे श्री मुन्नीलाल दुर्घटना स्थल की ओर दौड़े आए और अपनी जान को जोखिम की परवाह किये बिना 40 फुट गहरे और तंग कुएं में कूद पड़े और बच्चे को डूबने से बचा लिया।

श्री मुन्नी लाल ने अपनी जान को गंभीर खतरे की परवाह किए बिना एक छोटे बच्चे को डूबने से बचाने में उच्च कोटि के साहस और तत्परता का परिचय दिया।

29. श्री पुष्पेन्द्र कुमार भारती,

मार्फत कंवर राजवीर सिंह (सेवानिवृत)
रेंजर कमरा नं० 16 ब्लाक-ए
प्रमोद वन चित्रकूट
जिला सतना मध्य प्रदेश।

16-7-1992 को सुरेन्द्रपाल विद्यालय चित्रकूट की प्रिंसिपल श्रीमती रंजना श्रीवास्तव "वृद्धा सेवा सदन" के नाम से ज्ञात चित्रकूट के प्रमोद वन क्वाटर नं० 26 ब्लाक-सी में खाना पका रही थी। अचानक गैस के सिलेन्डर में आग लग गई और श्रीमती रंजना सहायता के लिए चीखने-पुकारने लगी। सहायता के लिए उनकी चीख-पुकार सुनकर श्री पुष्पेन्द्र भारती जो वहां से गुजर रहे थे अपनी किशोरावस्था के बावजूद अपनी जान को खतरे की परवाह किए बिना क्योंकि जलता हुआ गैस सिलेन्डर किसी भी क्षण फट सकता था सहायता के लिए दौड़े आए। उन्होंने जलता हुआ गैस सिलेन्डर कमरे से बाहर निकाल फेंका। यदि वह ऐसा न करते तो जलता हुआ सिलेन्डर निश्चय ही फट गया होता जिसके कारण जान व माल की भारी क्षति हुई होती।

श्री पुष्पेन्द्र कुमार भारती ने जलने से एक महिला की जान बचाने में उच्च कोटि के साहस और तत्परता का परिचय दिया। यदि वे समय रहते हरकत में न आए होते तो जान व माल की भारी क्षति हुई होती।

30. श्री दिलीप,
पुत्र श्री बजनाथ
19, अहिल्या रोड गुर्जा मोहल्ला
सनवाड़ टाउन मध्य प्रदेश।

28-7-1993 को लगभग शाम 6.30 बजे मध्य प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम की एक बस एक पुलिया पार करते समय बाढ़ से उफनती बकूर नदी में गिर गई। श्री दिलीप ने देखा कि एक महिला उस विपत्तिग्रस्त बस से गिरकर नदी के तेज बहाव में बह रही थी और लगभग डूबने ही वाली थी। श्री दिलीप ने फौरन नदी में छलांग लगा दी और उस महिला को बचा लिया।

श्री दिलीप ने अपनी जान को खतरे की परवाह किए बिना उस महिला को डूबने से बचाने में अदम्य साहस और तत्परता का परिचय दिया।

31. श्री जयराम,
पुत्र श्री दुबलु कहार
34, राज मन्दिर गली
अहिल्या रोड
मध्य प्रदेश।

28-7-1993 को लगभग शाम 6.30 बजे मध्य प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम की एक बस एक पुलिया पार करते समय बाढ़ से उफनती बकूर नदी में गिर गई। एक महिला अपने बच्चे को बचाने के लिए जो नदी में डूब रहा था सहायता के लिए चीख पुकार कर रही थी। उसकी चीख पुकार सुनकर श्री जयराम नदी में कूद पड़े और बच्चे को बचा लिया। तत्पश्चात उन्होंने एक वृद्ध की भी जान बचायी जो नदी में गिर जाने से लगभग डूब रहा था। रबड़ की एक ट्यूब की सहायता से उन्होंने बाढ़ के कारण तेजी से बह रही नदी से चार अन्य व्यक्तियों की भी जान बचायी और उन्हें किनारे पर ले आए।

श्री जयराम ने अपनी जान को जोखिम की परवाह किए बिना छः व्यक्तियों के डूबने से बचाने में अदम्य साहस और तत्परता का परिचय दिया।

32. श्री नन्नू,
नगर पालिका कम्पाउंड
सनवाड़ टाऊन
मध्य प्रदेश।

28-7-1993 को लगभग शाम 6.30 बजे मध्य प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम की एक बस एक पुलिया पार करते समय बाढ़ से उफनती हुई बकूर नदी में गिर गई। यह देखकर श्री नन्नू ने तत्काल एक रस्सी की सहायता से विपत्तिग्रस्त बस के 8-10 यात्रियों को पानी से बाहर निकल आने में सहायता की। जब उन्होंने देखा कि कुछ यात्री नदी की तेज धारा में बहते जा रहे थे तो वह एक रबड़ की ट्यूब लेकर नदी में कूद पड़े और 4 व्यक्तियों को डूबने से बचा लिया।

श्री नन्नू ने अपनी जान को खतरे की परवाह किए बिना चार व्यक्तियों को डूबने से बचाने में अदम्य साहस और तत्परता का परिचय दिया।

33. श्री गोविन्द सहदेव मैनकर,
मुकाम मसुरा मरडे
तालुक-मालवान
जिला-सिंधुदुर्ग
महाराष्ट्र।

34. श्री जनार्दन बालकृष्ण मुंगेकर,
मुकाम मसुरा, तालुक मालवान
जिला-सिंधुदुर्ग
महाराष्ट्र।

35. श्री सुरेश बलिराम राणे,
मुकाम मसुरा मारडे, तालुक मालवान,
जिला सिंधुदुर्ग,
महाराष्ट्र।

36. श्री हुसैन सय्यद इब्राहिम,
मुकाम मसुरा, तालुक मालवान
जिला-सिंधुदुर्ग
महाराष्ट्र।

1-6-1992 को लगभग 16.30 बजे 7 व्यक्ति मसुरा क्रीक में एक देशी नाव में मसुरा से बांकीवाडा को जा रहे थे। लगभग 100 मीटर दूर जाने के पश्चात देशी नाव तेज हवा के कारण उलट गई और सातों व्यक्ति पानी में जा गिरे। जहां नाव उल्टी थी उस जगह पानी की गहराई 17 फुट थी। उनमें से एक यात्री उलटी हुई उस नाव के ऊपर गया और सहायता के लिए चीख पुकार करने लगा। चीख पुकार सुनकर सर्वश्री गोविन्द सहदेव मैनकर, जनार्दन बालकृष्ण मुंगेकर, सुरेश बलिराम राणे और हुसैन सय्यद इब्राहिम ने पानी में छलांग लगा दी और तैरकर उस जगह पहुंच गए। उन्होंने चार व्यक्तियों को जो तब तक बेहोश हो गए थे तब तक पानी के स्तर से ऊपर उठाए रखा जब तक फेरी नाव वहां नहीं पहुंच गई और इस प्रकार उन्हें बचा लिया। पांचवे व्यक्ति को भी जो उलटी हुई नाव पर चढ़ने में सफल हो गया था, इन चार व्यक्तियों ने बचा लिया। सात व्यक्तियों के ग्रुप में से दो व्यक्ति डूब गए।

सर्वश्री गोविन्द सहदेव मैनकर, जनार्दन बालकृष्ण मुंगेकर, सुरेश बलिराम राणे और हुसैन सय्यद इब्राहिम ने अपनी जान को खतरे की परवाह किए बिना पांच लोगों को डूबने से बचाने में अदम्य साहस और तत्परता का परिचय दिया।

37. मास्टर अभिजीत प्रमोदराव देशमुख,
नवी बस्ती, वार्ड नं० 76
बडनेरा, जिला अमरावती,
महाराष्ट्र।

26-2-1993 को महानगर पालिका स्कूल नं० 23, बडनेरा, का एक छः वर्षीय छात्र मास्टर रहीम खेलते हुए पानी से भरे एक 5 फुट गहरे भूमिगत टैंक में गिर गया और उसमें डूबने लगा। उसी स्कूल के तीसरी कक्षा का एक विकलांग छात्र मास्टर अभिजीत भी पास में ही खेल रहा था और उसे पानी के बाहर मास्टर रहीम के हाथ दिखे। वह तुरंत हरकत में आ गया और उसने मास्टर रहीम के एक हाथ को पकड़ लिया और सहायता के लिए चिल्लाया। अन्य छात्र जो वहां आस पास थे उसकी सहायता को दौड़े और उन्होंने लड़के को टैंक से बाहर खींचने में उसकी मदद की।

मास्टर अभिजीत प्रभोदराव देशमुख ने अपनी स्वयं की विकलांगता के बावजूद, अपने प्राणों के प्रति जोखिम की परवाह किए बिना एक लड़के की जान बचाने में तत्परता, साहस और मानवता के प्रति लगाव का परिचय दिया।

38. मास्टर डेविड (नेटगोनेक) गंगटे,
पुत्र श्री एम० एन० गंगटे,
न्यू लम्बुलेन
इम्फाल, मणिपुर।

18-2-1993 को बरसात के दिन लगभग 2.00 बजे अपराह्न ढाई वर्षीय बच्चा हाटखोलाम, जो लगभग 5/6 फुट गहरे एक कुएं के पास खेल रहा था, दुर्घटना वश फिसल गया और कुंए में जा गिरा। यह देख कर मास्टर डेविड जो कुए के पास से गुजर ही रहा था, अपनी जान की परवाह किए बिना फुर्ती से कुएं में कूद पड़ा। उसने डूबते हुए बच्चे का हाथ पकड़ कर उसे कुंए से बाहर खींच लिया और इस प्रकार उसकी जान बचाई। मास्टर डेविड तैरना नहीं जानता था लेकिन एक इंसान की जान बचाने की अदम्य चाह ने उसे अपनी सुरक्षा की परवाह किए बगैर हरकत में आने को प्रेरित किया।

अपनी अल्पायु में ही मास्टर डेविड ने अपनी जान के प्रति खतरे की परवाह किए बिना एक छोटे बच्चे की डूबने से बचाने में अदम्य साहस और तत्परता का परिचय दिया।

39. श्री जोनुनखुमा,
एस० हलिमेन, आइजौल,
मिजोरम।

एस० हिलमेन गांव में कुछ पत्थर की खदानें हैं। बिहार के धुमका जिले से आए कुछ मजदूर और कुछ स्थानीय लोग इन खदानों में काम करते हैं और वे खदानों के नीचे पी० डब्ल्यू० डी० की सड़क के किनारे रहते हैं। 9-8-1992 को लगभग प्रातः 3.40 बजे जब सभी लोग सोये हुए थे, खदानों की पहाड़ी ढलानों से एक भारी भू-स्खलन हुआ। खदानों से पत्थरों के गिरने की असामान्य आवाज सुनकर श्री जोनुनखुमा जाग गए। संभावित खतरे को भांपते हुए उन्होंने तत्काल अपनी सुरक्षा की परवाह किए बिना गिरते हुए पत्थरों के बीच इधर-उधर भागते हुए शोर मचाया। लगभग 10 मिनट के भीतर ही वे कुछ लच्चों को छोड़कर सुरक्षित स्थान पर ले जा सके और कुल मिलाकर 16 व्यक्तियों की ही जान बचा सके थे कि भारी विपत्ती ने आ घेरा जिसमें वे स्वयं ही बड़ी मुश्किल से बच सके। इस विनाश लीला में 66 व्यक्ति मारे गए।

श्री जोनुनखुमा ने अपनी जान के प्रति जोखिम की परवाह किए बिना एक भयंकर और विनाशकारी भू-पाषाण स्खलन के बीच 16 व्यक्तियों का जीवन बचाने में अदम्य साहस और तत्परता का परिचय दिया।

40. मास्टर लालनुनपुइया,
पुत्र श्री चालखुमा
हनाहथियाल लुंगले जिला
मिजोरम।

3-4-1993 को लगभग 40 अवयस्क लड़के और लड़किया जंगल से पत्तियां बटोरने पास के जंगल में गए। पत्तियां इकट्ठा करने के बाद कुछ लडके स्नान के लिए मैट नदी को गए। नहाते हुए, दुर्भाग्यवश चार लडके जो तैरना नहीं जानते थे, दुर्घटनावश नदी के तेज बहाव में फंस गए और उनके जान जाने का खतरा आन पड़ा था। मास्टर लालनुनपुइया और उसके दो मित्रों बनलामुआना और लालनुसंगा ने देखा कि उनका एक दोस्त, जे० लालरेमुराता डूब रहा है और नदी के तेज बहाव में बह रहा है। अपने मित्र पर यह संकट देखकर, वे तुरंत नदी में कूद पड़े और मिलकर उसे किनारे तक खींच लाए। इस प्रकार मास्टर लालनुनपुइया और उनके दो मित्रों ने मिलकर जे० लालरेमुराता को एक निश्चित मौत के मुह से उबार लिया।

मास्टर लालनुनपुइया ने अपने दो मित्रों सहित अपने मित्र को डूबने से बचाने में अदम्य साहस और तत्परता का परिचय दिया।

41. मास्टर लालनुनसांगा,
पुत्र श्री थाटलिवाना, हनाहथियाल,
लुंगले जिला,
मिजोरम।

3-4-1993 को लगभग 40 अवयस्क लड़के और लड़कियां जंगल से पत्तियां बटोरने पास के जंगल में गए। पत्तियां इकट्ठा करने के बाद कुछ लड़के स्नान के लिए मैट नदी को गए। नहाते हुए, दुर्भाग्यवश चार लड़के जो तैरना नहीं जानते थे, दुर्घटनावश नदी के तेज बहाव मे फंस गए और उनकी जान को खतरा आन पड़ा था। मास्टर लालनुनसंगा और उसके दो मित्र जे० बनलामुआना और लालनुनपुइया ने देखा कि उनका एक दोस्त जे० लालरेमुराटा डूब रहा है और नदी के तेज बहाव मे बह रहा है। अपने मित्र पर यह संकट देखकर वे तुरन्त नदी में कूद पड़े और मिलकर डूबते हुए लालरेमुराटा को किनारे तक खींच लाए। इस प्रकार उन्होंने अपनी जान की कीमत पर लालरेमुराटा का जीवन एक निश्चित मौत के मुह से उभार लिया।

मास्टर लालनुनसांगा ने अपने दो मित्रों सहित अपने मित्र को डूबने से बचाने में अदम्य साहस और तत्परता का परिचय दिया।

42. मास्टर जे० वनलालमुआना,
पुत्र श्री जे० लालनुमविया,
हनाहथियाल, लुगने जिला,
मिजोरम।

3-4-1993 को लगभग 10 बजे पूर्वाह्न लगभग 40 अवयस्क लड़के और लड़कियां जंगल से पत्तियां बटोरने पास के जंगल में गए। पत्तियां इकट्ठा करने के बाद कुछ लड़के स्नान के लिए मेट नदी को गए। दुर्भाग्यवश, चार लड़के जो तैरना नहीं जानते थे, दुर्घटना वश नदी के तेज बहाव में फंस गए और उनकी जान का खतरा आन पड़ा था। मास्टर जे० वनलालमुआना जिसने पहले अन्य साथियों की मदद से अपने दो मित्रों को बचाने में अहम भूमिका निभाई थी, को वह जगह दिखाई गई जहां एक अन्य लड़का जोजफ लालहरूआइतलुआगा के डूब चुके होने की आशंका थी। जे० वनलालमुआना तुरंत नदी में कूद पड़ा और उसे नदी की तलहटी पर पाया। वह उसे किनारे तक खींच लाया और इस समय तक लालहरूआइतलुआगा पहले ही बेहोशी की हालत में पहुंच चुके थे। जे० वनलालमुआना ने उसे अपने मुंह से कृत्रिम सांस देना शुरू किया जिसकी तकनीक वह स्कूल में सीख चुके थे। यह उपाय कामयाब रहा और लड़के को होश आने लगा और धीरे-धीरे उसकी हालत सुधरने लगी।

मास्टर जे० वनलालमुआना ने डूबने से एक लड़के की जान बचाने में अदम्य साहस और तत्परता का परिचय दिया और अपने दो मित्रों के साथ मिलकर अन्य दो लड़कों की जान बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की।

43. मास्टर वनलालथलेंगा,
पुत्र श्री सांघलेइया,
हनाहथियाल, लुगने जिला,
मिजोरम।

3-4-1993 को लगभग 10 बजे पूर्वाह्न लगभग 40 अवयस्क लड़के और लड़कियां समीप के जंगल में पत्तियां बटोरने गए। पत्तियां बटोर चुकने के बाद कुछ लड़के मैट नदी में स्नान करने गए। नहाते वक्त, दुर्भाग्यवश ग्रुप के चार लड़के जो तैरना नहीं जानते थे, दुर्घटनावश नदी के तेज बहाव में फंस गए। मास्टर वनलालथलेंगा अपने एक मित्र पी० सी० ललथिंगलोवा को डूबते हुए और उसकी जान को खतरे में देखकर तत्काल नदी में कूद पड़ा और उसे नदी से बाहर खींच लाया और इस प्रकार उसे डूबने से बचा लिया। उसने इसी वारदात में अपने मित्र जे० वनलालमुआना के साथ एक अन्य साथी की जान बचाने में भी निर्णायक भूमिका निभाई।

मास्टर वनलालथलेंगा ने अपने एक साथी को डूबने से बचाने में और मास्टर वनलालमुआना के साथ मिलकर एक अन्य साथी को डूबने से बचाने में अदम्य साहस और तत्परता का परिचय दिया।

44. मास्टर गोपाल पुटेल,
पुत्र श्री दीनाबन्धु पुटेल,
निवासी कोटसिरा, पो० ओ० थाना ताखा,
जिला बोलनगिर उड़ीसा।

25-11-1991 को लगभग 9 बजे प्रातः एक आठ वर्षीय लड़का गोपाल पुटेल अपनी छोटी बहन 2 वर्षीय गंधारी पुटैल को अपनी गोद में लिए हुए था और फल तोड़ रहा था। फूल तोड़ते हुए, वे दोनों एक कुएं में गिर पड़े जिसमें 15 फीट गहरा पानी था। जमीन की सतह पानी की सतह से लगभग 12 फीट ऊंची थी। कुएं में गिरने पर गोपाल पुटेल ने एक हाथ से अपनी बहन को पानी के ऊपर थामे रखा और दूसरे हाथ से अपनी बहन और अपने आपको डूबने से बचाने के लिए तैरने लगा। चम्पू पटेल नामक एक महिला ने दोनों बच्चों को कुएं में पड़े देखा और शोर मचाने लगी। शोर सुनकर, पबनुब पटेल और मानमोरा पटेल अपने घरों से घटनास्थल को दौड़े और गोपाल और गंधारी दोनों को बचा लिया।

मास्टर गोपाल पुटेल ने सहायता के लिए लोगों के पहुंचने तक अपने आपको और अपनी बहन को पानी में डूबने से बचाए रखने और इस प्रकार अपनी बहन और स्वयं की जिन्दगी बचाने में अनुकरणीय साहस और सूझ-बूझ का परिचय दिया।

45. मास्टर रतन कर्ण उर्फ मोंट्टू,
पुत्र श्री सुदर्शन कर्ण,
पो० ओ० कदलीगढ़ थाना राइराखोल
जिला सम्बलपुर, उड़ीसा।

21-7-1993 को लगभग 1.30 बजे अपराह्न एक देशी नाव जिसमें 26 यात्री सवार थे, महानदी को कैकाटा की तरफ से बोध घाट की तरफ पार कर रही थी। जब नाव नदी के बीचों बीच ही पहुंची थी कि वह तेज झंझावती हवा और बारिश में फंस गई और उलट गई। आठ वर्षीय स्कूली छात्र रतन कर्ण ने जो उसी नाव में था, अपनी माता और दो अन्य महिलाओं को उनके बाल पकड़ कर और उनके सहारे के लिए उन्हें लकड़ी का लट्ठा उपलब्ध करा कर उनकी जान बचाई।

मास्टर रतन कर्ण ने अपने जीवन के प्रति खतरे की परवाह किए बिना तीन महिलाओं को डूबने से बचाने में अनुकरणीय साहस और तत्परता का परिचय दिया।

46. श्री दिनेश कुमार, (मरणोपरांत)
पुत्र श्री रतन लाल कलाल,
ग्राम व तहसील देवगढ़,
जिला उदयपुर
राजस्थान।

11-8-1992 को जालौर जिले के चन्दगई ग्राम में भारी वर्षा के कारण, एक नाला उफन रहा था। तीन व्यक्ति बाढ़ग्रस्त नाले में फंस गए थे। श्री दिनेश कुमार ने अपनी जान की परवाह किए बिना पहल की और दो डूबते हुए व्यक्तियों की जान बचाने में सफल रहा। तीसरे डूब रहे व्यक्ति की जान बचाने के प्रयास में वह स्वयं एक कंटीली झाड़ी में फंस गया और इस प्रकार उसने अपनी जान गवां दी।

श्री दिनेश कुमार ने दो व्यक्तियों को डूबने से बचाने में अदम्य साहस और तत्परता का परिचय दिया और फंसे हुए

तीसरे व्यक्ति को बचाते हुए वह अपने प्राणों से हाथ धो बैठा।

47. मास्टर प्रवीन कुमार,
पुत्र श्री नारायण लाल पटेल,
निवासी पोस्ट डमरी, तहसील व जिला डूंगरपुर,
राजस्थान

8-2-1993 को एक आठ वर्षीय लड़की कुमारी लता खेलते हुए पानी पीने के लिए एक कुए पर गई लेकिन वह फिसल पड़ी और कुए में गिर गई। कुआ 28 फीट गहरा था। मास्टर प्रवीन कुमार, जो समीप ही थे, यह देखकर घटनास्थल की ओर दौड़े। वह तुरत कुए में कूद पड़े और लड़की को बचा लिया। उसकी इस सामयिक बचाव की कार्रवाई से ही लड़की का जीवन बचाया जा सका।

मास्टर प्रवीन कुमार ने अपने जीवन के प्रति खतरे की परवाह किए बिना एक आठ वर्षीय बच्ची की जान बचाने में अनुकरणीय साहस और तत्परता का परिचय दिया।

48. कु० कंवर देवी,
हरिपुरकला, जनपद देहरादून,
उत्तर प्रदेश

11/12 नवम्बर, 1992 की मध्यरात्रि में एक जंगली हाथी ने श्री अमर सिंह की झोंपड़ी पर हमला किया और उसकी चार वर्षीय बच्ची को वहीं पर मार डाला। इस समय श्री अमर सिंह की 11 वर्षीय लड़की कुमारी कंवर देवी अपनी दो अन्य बहिनों और एक भाई को दुर्घटना स्थल से हटाकर एक सुरक्षित स्थान पर ले गई जहां उनके साथ उसने स्वयं भी शरण ली। केवल अपने साहस, सूझबूझ और सामयिक कार्रवाई की वजह से ही कंवर देवी तीन बच्चों और स्वयं को जंगली और रौद्र हाथी के आक्रमण से बचा पाई।

इस प्रकार कुमारी कंवर देवी ने अपनी जान की परवाह किए बिना एक हिंसक हाथी से तीन बच्चों और स्वयं को जान बचाने में अदम्य साहस और सूझबूझ का परिचय दिया।

49. मास्टर तुषार क्षेत्रपाल उर्फ हनी
112/317, स्वरूप नगर,
कानपुर

मास्टर तुषार क्षेत्रपाल बलरामपुर, जिला कानपुर में अपने दादा के घर गया था। 5-6-1991 को लगभग 2.30 बजे मध्य रात्रि को जब श्री क्षेत्रपाल के दादा श्री रतन लाल गुलाटी और परिवारजन सोए हुए थे तो चार चोर घर को छत के रास्ते घर में घुसे। श्री रतन लाल एक कमरे में सो रहे थे। जब उन्होंने दरवाजा खुलने की आवाज सुनी तो वे जाग गये। जब उन्होंने चारों चोरों को देखा तो उनमें से एक को पकड़ लिया और सहायता के लिए चिल्लाने लगे। मदद के लिए उनकी चीख सुनकर श्री दिनेश खुराना, मास्टर तुषार क्षेत्रपाल और घर की दो महिलाएं कमरे की ओर दौड़ी आईं और उन्होंने भी चोरों को पकड़ने का प्रयास किया लेकिन चोरों ने उन पर चाकुओं से हमला कर दिया जिससे वे सभी घायल हो गए। मास्टर तुषार की मां को गंभीर चोटें आईं और बाद में अस्पताल में उनकी मृत्यु हो गई। मास्टर तुषार भी हालांकि गंभीर रूप से घायल हो गया था, तो भी उसने चोर को अपनी गिरफ्त से निकलने नहीं दिया। और बाद में उसे पुलिस के हवाले कर दिया। यदि मास्टर क्षेत्रपाल ने बहादुरी का परिचय न दिया होता तो अन्य तीन व्यक्तियों की जान खतरे में पड़ गई होती।

मास्टर तुषार क्षेत्रपाल ने चोरों का मुकाबला करने में अदम्य साहस का परिचय दिया।

50. मास्टर आदुसुमिल्ली श्री साई सतीश,
पुत्र श्री आदुसुमिल्ली शेषागिरि राव,
51, माल रोड मेरठ-250001,
उत्तर प्रदेश

25 जून, 1993 को लगभग 5.30 बजे सायं ले० श्री० एस० गिल, जो एक ग्रुप के साथ घुड़सवारी करते हुए घूम रहे थे, 15 से 20 फीट गहरे एक तालाब में जा गिरे क्योंकि जिस घोड़े पर वह सवार थे वह बिदक गया और उन्हें दूर पटक दिया। गिल तैरना नहीं जानते थे अतः वे डूबने लगे। यह देखकर, 15 वर्षीय मास्टर आदुसुमिल्ली श्री साई सतीश जो पास ही में घुड़सवारी कर रहा था, हालांकि अपने चुस्त ब्रीचेज और लंबे राइडिंग बूटों के कारण उसे दिक्कत हो सकती थी, बिना समय गंवाए अपनी सुरक्षा की परवाह किए बिना तालाब में कूद पड़ा और गिल की तरफ तैरने लगा ब्रीचेज और बूटों के कारण, जो वह पहने हुए था, उसे तैरने में काफी कठिनाई हुई। इन सब दिक्कतों के बावजूद, सतीश ने अपनी सुध-बुध और संकल्प नहीं छोड़ा और एक हाथ से मजबूती से गिल को पकड़े हुए किनारे की तरफ बढ़ता रहा, हालांकि वह पूरी तरह थक चुका था। अत्यधिक संघर्ष के बाद वह श्री गिल को सुरक्षित बाहर खींच लाया।

इस प्रकार मास्टर आदुसुमिल्ली ने अपनी जान की परवाह किए बिना एक व्यक्ति की जान डूबने से बचाने में उच्च कोटि के साहस और तत्परता का परिचय दिया।

51. श्री स्नेहाशीष दत्ता, (मरणोपरांत)
पुत्र श्री उमित रू दत्ता,
जनरल सरानी, हाकिमपाड़ा, सिलीगुड़ी-374401,
जिला दार्जिलिंग (प० बंगाल)।

उत्तर बंगाल एक्सप्लोरर्स क्लब ने 25-12-1992 से 29-12-92 के दौरान दार्जिलिंग जिले की तीस्ता और रंगीत नदियों के संगम स्थल बेनी पर अपना वार्षिक कैम्प लगाया।

29-12-1992 को श्री दरबार घोष के नेतृत्व में उक्त क्लब के तीन अनुदेशकों द्वारा रंगीत नदी पर नदी पार करने के अभ्यास का प्रबंध किया गया। दुर्भाग्यवश, श्री दरबार घोष रस्सी से उलझ गये और अपना संतुलन खो बैठे तथा नदी में गिर गये और नदी के 2.39 मीटर प्रति सेकेंड के तेज प्रवाह में बह गये। श्री स्नेहाशीष दत्ता, जिन्हें कैम्प गार्ड की ड्यूटी

सौंपी गई थी और जो बच्चा के साथ नदी किनारे बैठे हुए थे, ने स्थिति की गंभीरता को समझा और मानवीय भावनाओं से प्रेरित होकर श्री दरबार घोष को जान बचाने के लिए तैरना न जानते हुए भी नदी में कूद पड़े। उनके इस वीरोचित प्रयास में श्री घोष फिर से संभल गये लेकिन श्री स्नेहाशीष दत्ता रस्सी पकड़े हुए नहीं रह सके और तेज प्रवाह में बहकर डूब गए।

श्री स्नेहाशीष दत्ता ने श्री घोष की जान बचाने के प्रयास में अदम्य साहस और कर्तव्य निष्ठा का परिचय दिया और इस प्रक्रिया में अपना जीवन बलिदान कर दिया।

52. श्री नरेन्द्र सिंह पवार,
क्वार्टर सं. 793, सैक्टर-8,
आर. के. पुरम,
नई दिल्ली।

23-5-1990 को आर. के. पुरम, नई दिल्ली के सैक्टर-8 में स्थित क्वार्टर सं. 791 में आग लग गई। क्वार्टर में मौजूद एक अकेली लड़की ने सहायता के लिए इधर-उधर पुकारा। तथापि, किसी ने भी आग को नियंत्रित करने/बुझाने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया जबकि आग के समीपवर्ती आवासों में फैलने का डर था। क्वार्टर नं. 793 में रह रहे नरेन्द्रसिंह पवार ने अपनी सुरक्षा की परवाह किए बिना मेन स्विच बंद किया और घर के कीमती सामान को हटाया तथा लड़की को बचा लिया। इस प्रकार उन्होंने भीषण अग्निकाण्ड होने से रोक लिया जो अत्यधिक विनाशकारी साबित हो सकता था।

श्री नरेन्द्र सिंह पवार ने अपनी जान को खतरे की परवाह किए बिना बच्ची की जान बचाने में अदम्य साहस और तत्परता का परिचय दिया।

53. श्री हरिन्द्र पाल,
क्वार्टर नं. 503, सैक्टर-8,
आर. के. पुरम,
नई दिल्ली।

27-12-1991 को आर. के. पुरम, सैक्टर-8 में स्थित क्वार्टर सं. 508 में भीषण आग लग गई। क्वार्टर से निकलते धूएं को देखकर और क्वार्टर के अन्दर फंसी हुई महिलाओं की चीख सुनकर श्री हरिन्द्र पाल जलते हुए घर की ओर भागे और अपना जीवन को अत्यधिक खतरे में डालकर उन्होंने बहुत बड़े विनाश को होने से रोक लिया और दो असहाय महिलाओं की जान बचा ली।

श्री हरिन्द्र पाल ने अपने जीवन को खतरे की परवाह किए बिना दो महिलाओं को जलने से बचाकर अदम्य साहस और तत्परता का परिचय दिया।

54. कैप्टेन रोजरी जोसफ पल्डानो,
210, पथीराकाली अम्मनकोइल स्ट्रीट,
तूतिकोरन-628002,
तमिलनाडु।

6-11-90 को 12 मछुआरों को लेकर "कैम" नामक एक नाव मछली पकड़ने के लिए मिनिकाय से रवाना हुई लेकिन इंजिन की खराबी के कारण यह द्वीप पर नहीं लौट सकी। तेज प्रवाह और प्रतिकूल हवा के कारण मछुआरों के लिए पाल का इस्तेमाल करना असंभव हो गया। बन्दरगाह प्राधिकारियों से लापता नौका के लिए बचाव कार्य शुरु करने के निर्देश मिलने पर कैप्टन रोजरी जोसफ पल्डानो ने "एम. वी. अमीनदावी" की कमान संभालते हुए 9 नवम्बर, 1990 को दोपहर 2.00 बजे बचाव कार्य शुरू किया। यद्यपि समुद्र अत्यधिक अशांत था, उन्होंने न केवल अपने जहाज को अपितु अपने जीवन को भी गंभीर खतरे में डालकर खोज अभियान चलाया। तेज हवा और तेज प्रवाह विशेष रूप से नवें डिग्री चैनल में, जो तेज प्रवाह और "एम. वी. अमीनदीवी" जैसा जहाज चलाने हेतु नौचालकों के लिए अत्यधिक दुर्गम क्षेत्र के रूप में माना जाता है, के बावजूद कैप्टन आर. जे. पल्डानो ने अपना अभियान जारी रखा। अशांत समुद्र में फंसे हुए मछुआरों को बचाने में उन्होंने जिस दक्षता और कौशल का परिचय दिया उसी के बल पर उन्होंने 10 नवम्बर, 1990 की सुबह नाव का पता लगा लिया। मछुआरों को तुरन्त प्राथमिक चिकित्सा दी गई और भोजन व पानी दिया गया तथा सुरक्षित मिनीकाय वापिस लाया गया।

